# किसान बंदरगाह से कर सकेंगे फसलों का निर्यात

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एलान, जनपद के दक्षिणांचल में मिलेगी वाटर-वे की सुविधा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जिले के दक्षिणांचल के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नक्शे पर चमकाने के साथ ही दक्षिणांचल में वाटर-वे की सुविधा दी जाएगी। इससे स्थानीय किसान अपनी फसलों और सब्जियों का बंदरगाह के माध्यम से निर्यात कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री योगी कौड़ीराम के जीडी इंटर कॉलेज डिघवा में बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दक्षिणांचल से सर्वाधिक पलायन होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इंडस्ट्रियल टाउनशिप के माध्यम से धुरियापार, गोला, सिकरीगंज, खजनी होते हुए इतने उद्योग लग जाएंगे, जिससे लोगों को रोजगार के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में बोले योगी



कौड़ीराम में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते सीएम। संवाद

### स्पोर्ट्स हॉस्टल के विभिन्न मदों की व्यय राशि बढ़ाई

*सीएम ने कहा कि 1994 से स्पोर्ट्स हॉस्टल के विभिन्न मदों की व्यय राशि को कभी बढ़ाया नहीं गया था। इसे बढ़ाने के साथ ही खिलाड़ियों की डाइट मनी 250 रुपये से बढ़ाकर 375 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। खिलाड़ियों को एसी तृतीय श्रेणी में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए धन की कमी नहीं है। खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर संसाधन मजबूत किए जा रहे हैं। प्रदेश में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।

## 'पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जा रही है बड़ी पुरस्कार राशि'

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ में पदक विजेता प्रदेश के खिलाड़ियों को बड़ी पुरस्कार राशि देने की व्यवस्था की गई है।

ओलंपिक एकल स्पर्धा में गोल्ड मेडलिस्ट को छह करोड़, रजत पदक विजेता को चार करोड़ और कांस्य पदक विजेता को दो करोड़ रुपये देने की व्यवस्था है। ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 10 लाख अतिरिक्त दिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को कौड़ीराम के जीडी इंटर कॉलेज डिघवा में बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवक व महिला मंगल दलों के जरिये ग्रामीण खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट दी जा रही है। अब तक हजारों गांवों में स्पोर्ट्स किट दी गई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुश्ती व वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देख खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा के वरिष्ठ नेता मार्कण्डेय राय के पिता और माता की स्मृति में रामनरेश राय व गंगा देवी की प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में स्वागत संबोधन बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान ने किया।

इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी, डॉ. विमलेश पासवान, विपिन सिंह, एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, मार्कंडेय राय आदि मौजूद रहे।